प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

15 नवंबर 2022

एफ़एसडीसी उप-समिति की 29वीं बैठक

वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी-एससी) की उप-समिति की बैठक आज भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई में आयोजित की गई। श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैठक की अध्यक्षता की।

उप-समिति ने वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था के साथ-साथ वित्तीय प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रमुख गतिविधियों की समीक्षा की। इसने कुछ अंतर-विनियामक मुद्दों पर चर्चा की।

उप-समिति ने इसके दायरे में आने वाले विभिन्न तकनीकी समूहों की गतिविधियों और विभिन्न राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों में राज्य स्तरीय समन्वय समितियों (एसएलसीसी) के कामकाज की भी समीक्षा की। सदस्यों ने, यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क और सक्रिय रहने का संकल्प लिया कि वित्तीय बाजार और वित्तीय संस्थाएं उभरती हुई वैश्विक समष्टि आर्थिक स्थिति के प्रभाव-विस्तार के प्रति आघात-सह बनी रहें।

बैठक में उप-समिति के सदस्यों - श्री अजय सेठ, सचिव, आर्थिक कार्य विभाग; डॉ. विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग; डॉ. मनोज गोविल, सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय; श्री संजय मल्होत्रा, विशेष कार्य अधिकारी एवं सचिव (नामित), राजस्व विभाग; डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, मुख्य आर्थिक सलाहकार; डॉ. शशांक सक्सेना, वरिष्ठ परामर्शदाता एवं सचिव, वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद; सुश्री माधबी पुरी बुच, अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी); श्री देबाशीष पंडा, अध्यक्ष, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई); श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय, अध्यक्ष, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए); रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर - श्री महेश कुमार जैन, डॉ. माइकल देवब्रत पात्र और श्री टी. रबी शंकर; और रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशक - डॉ. ओ. पी. मल्ल और श्री सौरव सिन्हा ने भाग लिया।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1208